01-06-2023

न्यूज फटाफट

गोंगाडी शॉल

- अहमदाबाद स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ डिजाइन के पूर्व छात्रों ने तेलंगाना के ऊनी गोंगाडी शॉल का उपयोग कर किसानों के लिए सभी मौसम के अनुकूल जूतों का निर्माण किया है।
- गोंगाडी स्वदेशी कुरुमा और कुरुबा नामक चरवाहा समुदायों द्वारा तैयार किया जाने वाला एक पारंपरिक ऊनी कंबल है।
- इसे तैयार करने के लिए स्वदेशी दक्कनी भेड़ के ऊन का उपयोग किया जाता है। इस भेड़ को स्थानीय रूप से नल्ला गोर्रे के रूप में जाना जाता है।
- यह मोटा ऊनी कंबल अपने टिकाऊपन और विविध उपयोग के लिए प्रसिद्ध है। समय के साथ इसका रंग फीका पड़ने की बजाय और गहरा होता जाता है।
- इसे प्राकृतिक या सिंथेटिक रंगों का उपयोग किए बिना, जैविक रूप से बनाया जाता है।

अल्लामा मोहम्मद इकबाल (1877 - 1938)

- मोहम्मद इकबाल का जन्म सियालकोट में हुआ था और वे वहीं रहते थे।
- उन्होंने अरबी, फारसी और उर्दू में शिक्षा ग्रहण की थी।
- वे दर्शनशास्त्र पढ़ाते थे और वकालत के पेशे से भी जुड़े हुए थे। बाद में वे राजनीति में शामिल हुए और दूसरे गोलमेज सम्मेलन में भी भाग लिया था।
- उन्हें एक अलग राष्ट्र के रूप में पाकिस्तान के विचार को प्रस्तुत करने के लिए जिम्मेदार ठहराया जाता है।

बबूल (एकेसिया निलोटिका)

- एक हालिया शोध के अनुसार, बबूल के बीज के तेल का कृषि कीटों को नियंत्रित करने वाले रसायनों के पर्यावरण अनुकूल विकल्प के रूप में इस्तेमाल किया जा सकता है।
- **बबूल के बारे में -**
  - यह एक बारहमासी, सदाबहार वृक्ष है।
  - यह भारतीय उपमहाद्वीप के साथ-साथ उष्णकटिबंधीय अफ्रीका, म्यांमार, श्रीलंका, सऊदी अरब, मिस्र तथा पश्चिमी और पूर्वी सूडान की एक स्थानिक पादप प्रजाति है।
  - इसके वृक्ष भारत के उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में पाए जाते हैं।
  - भारत में बबूल के प्राकृतिक वन महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, हरियाणा और कर्नाटक में पाए जाते हैं।
  - **उपयोग**: इसमें जीवाणुरोधी, नाइट्रोजन स्थिरीकरण आदि गुण पाए जाते हैं।

मैंगनीज

- मैंगनीज और इंडिया लिमिटेड (MOIL) ने 4.02 लाख टन मँगनीज अयस्क (ore) का रिकॉर्ड उत्पादन किया है। मैंगनीज प्राकृतिक रूप से पाया जाने वाला एक खनिज है। यह मुख्य रूप से लोहा, लेटराइट और अन्य खनिजों के साथ संयोजन में पाया जाता है।

- **मँगनीज अयस्क:** मँगनाईट, साइलोमेलन, पायरोलुसाइट, ब्रुनाइट आदि।
- **भंडार/निक्षेप:** यह मुख्य रूप से मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा की गोंडाइट श्रृंखला से संबद्ध कायान्तरित संस्तरों के तलछटीय निक्षेप में पाया जाता है।
- **उपयोग:** मँगनीज डाइऑक्साइड का उपयोग ड्राई-सेल बैटरी आदि के निर्माण के लिए किया जाता है।

जोमी जनजाति

- मणिपुर की जोमी जनजाति, राज्य में कानून व्यवस्था बहाल करने की मांग कर रही है।
- जोउ लोग या जोमी जनजाति, भारत और म्यांमार की सीमा पर रहने वाला देशज समुदाय है।
- यह समुदाय जो लोगों (मिज़ो - कूकी-चिन) का ही एक उप-समूह है।
- जोगी काउंसिल जोमी जनजातियों की एक शीर्ष संस्था है। जोमी जनजातियों में गांते, कॉम, मेत, पैइत, सिमत, तेडिम चिन, थंगखल, जोउ और वैफेई शामिल हैं।
- **निवास स्थल:** नागालैंड, मिजोरम, मणिपुर और असम।

चिल्का झील

- ओडिशा के चिल्का वन्यजीव प्रभाग द्वारा किए गए पक्षियों के वार्षिक ग्रीष्मकालीन सर्वेक्षण के दौरान झील में पक्षियों की 88 प्रजातियां पाई गई।
- चिल्का एशिया की सबसे बड़ी खारे पानी की झील और दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा तटीय लैगून है।
- चिल्का झील 1981 में रामसर अभिसमय के तहत नामित होने वाली पहली भारतीय 'अंतर्राष्ट्रीय महत्त्व की आर्द्रभूमि (WII)" है।
- यह एशिया की पहली आर्द्रभूमि है, जिसे 2002 में मोंट्रेक्स रिकॉर्ड (Montreux Record) से हटाया गया था।
- मोंट्रेक्स रिकॉर्ड, Wll का रजिस्टर है। इसमें ऐसी आर्द्रभूमियों को सूचीबद्ध किया जाता है, जिनमें मानवीय गतिविधियों की वजह से पारिस्थितिक परिवर्तन दिखाई दिए हैं या परिवर्तन दिखाई देने की संभावना है।
- कालिजाई मंदिर चिल्का झील में एक द्वीप पर स्थित है।
- **प्रमुख आकर्षण:** इरावदी डॉल्फिन (IUCN लाल सूची स्थिति: एंडेंजर्ड)।

डल झील

- डल झील में हजारों मृत मछलियां बहती हुई पाई गई हैं। इनकी मृत्यु का कारण झील की अलग-अलग गहराइयों पर तापमान में अंतर को बताया गया है।
- डल झील जम्मू और कश्मीर के श्रीनगर में स्थित है। इस झील को श्रीनगर का गहना' कहा जाता है। इसका निर्माण झेलम नदी से आई बाढ़ के कारण हुआ था।
- इसमें फ्लोटिंग गार्डन हैं, जिन्हें कश्मीरी भाषा में 'राड' कहा जाता है। डल झील में शिकारा नामक हाउसबोट चलाई जाती हैं।

अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार

- बुल्गेरियाई लेखक जॉर्जी गोस्पोडिनोव और अनुवादक एंजेला रोडेल ने 'टाइम शेल्टर' उपन्यास के लिए अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार जीता है।
- अंतर्राष्ट्रीय बुकर पुरस्कार प्रतिवर्ष दुनिया भर के कथा साहित्यों (फिक्शन) में से किसी एक बेहतरीन साहित्य के लिए दिया जाता है। इस कथा साहित्य को अंग्रेजी में अनुवादित और यूनाइटेड किंगडम व आयरलैंड में प्रकाशित होना चाहिए।
- वर्ष 2022 में, हिंदी लेखिका गीतांजलि श्री अपनी पुस्तक 'टॉम्ब ऑफ सैंड (रेत समाधि)' के लिए यह पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनी थीं।

नर्तकी की मूर्ति

- हाल ही में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय एक्सपो 2023 का शुभंकर नर्तकी की मूर्ति से प्रेरित था।
- ब्रिटिश पुरातत्वविद अर्नेस्ट मैके ने 1926 में मोहनजोदड़ो की खुदाई से नर्तकी की मूर्ति प्राप्त की थी।
- इसे इसकी नृत्य मुद्रा के कारण 'डांसिंग गर्ल' (नर्तकी) नाम दिया गया। इस मुद्रा में नर्तकी का दाहिना हाथ उसके कूल्हे के पीछे और बायां हाथ उसकी बाईं जांघ पर टिका हुआ है।
- यह मूर्ति कांस्य से बनी है और लगभग 2500 ईसा पूर्व की है।
- इसे 'लॉस्ट वैक्स' विधि का उपयोग करके बनाया गया था। लॉस्ट वैक्स विधि में पिघले हुए मोम को एक प्रतिरूप बनाने के लिए एक सांचे में डाला जाता है।

राष्ट्रपति के लिए उन्मुक्ति

- सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि सरकार केवल राष्ट्रपति के नाम पर अनुबंध होने के कारण कानूनी प्रावधानों से छूट का दावा नहीं कर सकती है।
- कोर्ट ने यह निर्णय मध्यस्थ की नियुक्ति के संबंध में केंद्र सरकार के खिलाफ दायर एक याचिका के संबंध में दिया है। याचिका में मध्यस्थ की नियुक्ति को मध्यस्थता अधिनियम, 1996 के प्रावधानों के विपरीत माना गया था।
- सरकार ने तर्क दिया कि अनुबंध राष्ट्रपति के नाम पर किया गया था और इस तरह उसे उन्मुक्ति प्राप्त है।
- कोर्ट ने कहा कि संविधान का अनुच्छेद 299 सरकार को वैधानिक कानून के उल्लंघन की शक्ति नहीं देता है। संविधान का यह अनुच्छेद राष्ट्रपति या राज्यपाल के नाम पर संघ या राज्य द्वारा किए गए अनुबंध से संबंधित है।

एंजेल टैक्स

- वित्त मंत्रालय ने एंजेल कराधान में बदलाव का प्रस्ताव दिया है। साथ ही, उन विदेशी संस्थाओं को भी अधिसूचित किया है, जिन्हें कर प्रावधानों से छूट प्रदान की जाएगी।
- एंजेल टैक्स को 2012 में प्रस्तुत किया गया था। इसे गैर- सूचीबद्ध कंपनियों द्वारा जुटाई गई पूंजी पर लगाया जाता है।
- इसका उद्देश्य क्लोजली हेल्ड कंपनी के शेयरों की खरीद के माध्यम से गैर - हिसाबी धन के सृजन व उपयोग को रोकना है। निवेशक यह खरीद उस कंपनी के शेयरों के उचित बाजार मूल्य की तुलना में उच्च मूल्य पर करते हैं।
- क्लोजली हेल्ड कंपनी ऐसी कंपनी जिसके अधिकतर शेयर कुछ व्यक्तियों के पास होते हैं।

- वर्ष 2023 के बजट प्रस्ताव से पहले एंजेल टैक्स के प्रावधान केवल निवासी निवेशकों से प्राप्त निवेश पर ही लागू होते थे।
- हालांकि, वित्त विधेयक 2023 के माध्यम से यह अब अनिवासी निवेशकों पर भी लागू हो गया है।

जूना खटिया स्थल

- पुरातत्वविदों ने 2018 के बाद से इस जगह पर 500 समाधियों (कब्र / शवाधान) की खोज की है ।
- जूना खटिया पूर्व हड़प्पा समाधि स्थल है। यह गुजरात के कच्छ जिले के लखपत तालुका में स्थित है।
- यह भारत में अब तक दर्ज सबसे बड़ा पूर्व हड़प्पा समाधि स्थल है।
- गुजरात में अन्य हड़प्पा स्थल हैं: लोथल, सुरकोटदा, धोलावीरा आदि ।
- **प्रमुख निष्कर्ष:**
  - समाधि संरचनाएं मानव द्वारा परिष्कृत बलुआ पत्थर से बनी हैं। अधिकतर संरचनाओं की योजना आयताकार है तथा कुछ संरचनाएं अंडाकार या गोलाकार योजना में भी निर्मित हैं।
  - रिजर्व्ह स्लिप वेयर जार पर चित्रकारी की विशिष्टता देखी गई है।
  - एक अन्य विशेषता में बीकर और बड़े पात्रों के भीतर अन्य छोटे पात्र शामिल हैं।

अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (ISO)

- हाल ही में ISO-COPOLCO 44वीं पूर्ण बैठक आयोजित हुई है। यह बैठक विशेष अभिरुचि और सफल बहुपक्षीय भागीदारी की साक्षी बनी है। ISO-COPOLCO उपभोक्ता नीति पर गठित ISO की एक समिति है।
- **ISO के बारे में:**
  - यह एक अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इस संगठन के 168 देश सदस्य हैं।
  - यह व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्रकों की विविध श्रेणियों को प्रभावित करने वाले वैश्विक मानकों को विकसित करता है।
  - COPOLCO के माध्यम से, ISO मानकीकरण की प्रक्रिया में वृहद स्तर पर लोगों को शामिल करता है।
- भारत, ISO के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
- भारतीय मानक ब्यूरो, ISO का एक सदस्य है।

खुर्रमशहर-4 बैलिस्टिक मिसाइल

- ईरान ने तरल ईंधन वाली चौथी पीढ़ी की खुर्रमशहर बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया है। इसे 'खैबर' नाम दिया गया है ।
- इस मिसाइल का 'खुर्रमशहर' नाम एक ईरानी शहर के नाम पर रखा गया है। यहां 1980 के दशक में ईरान-इराक युद्ध के दौरान भारी लड़ाई हुई थी।
- खैबर, जो कभी एक यहूदी किला (वर्तमान सऊदी अरब में) था, 7वीं शताब्दी में मुसलमानों द्वारा जीत लिया गया था।
- खुर्रमशहर - 4 मिसाइल की मारक क्षमता 2,000 किलोमीटर है। यह 1,500 किलोग्राम तक वारहेड ले जाने में सक्षम है।
- इसे उत्तर कोरिया की 'मुसुदन बैलिस्टिक मिसाइल के मॉडल पर तैयार किया गया है।

- बैलिस्टिक मिसाइल किसी लक्ष्य को साधने के लिए परमाणु या पारंपरिक वारहेड छोड़ने हेतु प्रक्षेप्य गति (Projectile motion) का उपयोग करती है।
- ये शुरुआती चरण में एक रॉकेट द्वारा संचालित होती हैं।

नेशनल एडवांस्ड सरफेस-टू-एयर मिसाइल सिस्टम (NASAMS)

- हाल ही में, संयुक्त राज्य अमेरिका ने यूक्रेन को 285 मिलियन डॉलर मूल्य की वायु रक्षा प्रणाली की बिक्री को मंजूरी दी है।
- NASAMS एक अत्यधिक अनुकूलन योग्य युद्ध - सक्षम मध्यम रेंज की वायु रक्षा प्रणाली है।
- इसमें फिक्स्ड और रोटरी विंग एयरक्राफ्ट, मानव रहित विमान तथा उभरते क्रूज मिसाइल खतरों को नष्ट करने की क्षमता है।

ई - शासित राज्य

- केरल भारत का पहला पूर्ण 'ई- शासित राज्य' बन गया है।
- इसने अपने नागरिकों के लिए सरकारी सेवाओं का शीघ्र और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करते हुए कई सेवाओं को डिजिटलीकृत किया है।
- ई-गवर्नेंस (ई-शासन) का तात्पर्य 'इलेक्ट्रॉनिक गवर्नेंस से है। यह गवर्नेंस को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाइड एरिया नेटवर्क, इंटरनेट और मोबाइल कंप्यूटिंग जैसी सूचना संचार प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है।
- **ई-गवर्नेंस के लिए केरल की पहलें-**
  - केरल फाइबर ऑप्टिक नेटवर्क (KFON) परियोजना: इसने इंटरनेट के उपयोग को नागरिकों का एक अधिकार बना दिया है।
  - ई-सेवानमः यह तालुक स्तर के कार्यालयों तक के लिए 900 सार्वजनिक सेवाओं हेतु एक एकल पोर्टल है।

भारतीय नौसेना नौकायन पोत (INSV) तारिणी

- INSV तारिणी महासागर - पार अंतर-महाद्वीपीय यात्रा पूरी करने के बाद भारत लौट आई है।
- 188 दिन की इस समुद्री यात्रा के दौरान यह गोवा से केपटाउन होते हुए रियो डी जनेरियो गई और वापस आई। • वर्तमान नौकायन अभियान एक महिला को अकेले पोत द्वारा वैश्विक परिभ्रमण करने में सक्षम बनाने के लिए नौसेना की अगली बड़ी परियोजना का हिस्सा था।
- INSV तारिणी को 2017 के 'नाविका सागर परिक्रमा' अभियान के लिए जाना जाता है। यह पूरी तरह से महिला चालक (क्रू) दल द्वारा विश्व का पहला भारतीय सागर परिक्रमा अभियान था।

अटल भूजल योजना (ABY)

- राष्ट्रीय स्तर की संचालन समिति (NLSC) ने निर्णय लिया है कि ABY को 2025 के बाद अगले और दो वर्षों (अर्थात 2027) तक जारी रखा जाना चाहिए।
- ABY एक केंद्रीय क्षेत्रक की योजना है। इसे 2020 में जल शक्ति मंत्रालय के तहत शुरू किया गया था।

- यह योजना समुदाय के नेतृत्व में संधारणीय भूजल प्रबंधन को प्रोत्साहित करती है, जिसे व्यापक स्तर पर संचालित किया जा सकता है।
- यह योजना पहचाने गए राज्यों के जल संकट वाले चिह्नित क्षेत्रों में भूजल संसाधनों के प्रबंधन में सुधार करती है। ये राज्य हैं - गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, राजस्थान और उत्तर प्रदेश।
- **वित्त पोषण:** भारत सरकार और विश्व बैंक के बीच 50:50 अनुपात में।

माउंट एटना

- हाल ही में इटली के माउंट एटना ज्वालामुखी में उद्गार हुआ है।
- माउंट एटना भूमध्य सागर में स्थित सबसे ऊंचा द्वीपीय पर्वत है। यह दुनिया का सबसे सक्रिय स्ट्रैटोवोल्केनो है।
- यह यूरोप का सबसे ऊंचा सक्रिय ज्वालामुखी है और यूनेस्को का विश्व धरोहर स्थल भी है।
- यह इटली के सिसिली द्वीप में स्थित है।
- यह अफ्रीकी प्लेट और यूरेशियाई प्लेट की अभिसारी सीमा के ऊपर स्थित है।

ई-सिगरेट

- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 'इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट निषेध अधिनियम, 2019 के सख्त कार्यान्वयन के लिए एक सार्वजनिक सूचना जारी की है।
- यह अधिनियम ई-सिगरेट के उत्पादन, विनिर्माण, आयात, निर्यात, परिवहन, बिक्री, वितरण, भंडारण और विज्ञापन पर प्रतिबंध लगाता है।
- **इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट या ई-सिगरेट के बारे में:**
  - यह बैटरी से चलने वाला एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरण है। इसमें किसी पदार्थ को गर्म करके वाष्प में बदला जाता है और श्वास के जरिए शरीर के अंदर लिया जाता है। ये पदार्थ निकोटिन युक्त हो भी सकते हैं और नहीं भी। ई-सिगरेट थाल आदि जैसे अलग-अलग फ्लेवर वाली भी हो सकती है।
    इसमें पदार्थ को गर्म करने वाले न कि जलाने वाले सभी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक निकोटीन डिलीवरी सिस्टम जैसे ई-हुक्का और इसी तरह के उपकरण शामिल हैं।